आज दिनांक 20/6/2019 को आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ [IQAC] में महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों एवं IQAC सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित विभागाध्यक्ष / महाविद्यालय के प्राध्यापक / क्रीड़ाअधिकारी एवं IQAC के सदस्य उपस्थित रहे।

1. डॉ प्रदीप शर्मा [संयोजक IQAC]
2. डॉ सोना शुक्ला [विभागाध्यक्ष] 20.6.19.
3. डॉ रजनी गुप्ता ,,
4. डॉ सुनीता कौरव ,, 20.06.19.
5. डॉ संगीता सक्सेना ,,
6. डॉ जे. एन. त्रिपाठी ,, 20.6.19.
7. डॉ एम. आई. मसूद ,,
8. डॉ मृदुला निगम ,,
9. डॉ पुष्पलता चौबे ,, 20.6.19
10. डॉ आलोक चावसार ,, 20.6.19
11. डॉ जे. एस. दुबे ,, 20.6.19
12. डॉ प्रभा भट्ट ,, 20/06/19
13. डॉ फरजाना गजाला ,, 20/6/19
14. डॉ रचना मिश्रा 20.6.19
15. डॉ वंदना श्रीवास्तव 20/6/19
16. डॉ विनीता सिंह चौधरी
17. डॉ प्रमोद वर्मा
18. Dr. A K Paliwal
19. Smt Vandana Pandey

बैठक में AQAR 2018-2019 से सम्बन्धित जानकारी के विभिन्न पत्रक प्रदान किये गये एवं वांछित जानकारी दिनांक 24/6/2019 तक प्राप्त करने हेतु चर्चा की गई।

डॉ प्रदीप शर्मा
(संयोजक)

प्राचार्य 20.6.19

-: बैठक :-

आज दि० 06/07/18 को आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्न सदस्यगण उपस्थित रहे -

1- डॉ. प्रदीप शर्मा
2- डॉ विनीता सिंह चौधरी
3- डॉ मृदुला निगम
4- डॉ फरजाना गजाला
5 डॉ निवेदिता मुकर्जी
6 डॉ हरभजन कौर
7 डॉ वन्दना पाण्डे
8 डॉ. जे. के. परमार
9 डॉ प्रमोद वर्मा

सत्र 2018-19 के लक्ष्यों के निर्धारण हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विचार विमर्श कर निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किये गए :-

(1) महाविद्यालय का बहुउद्देशीय हॉल निर्माणाधीन है। निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवा कर महाविद्यालय द्वारा आधिपत्य लिया जाए तथा उसे उपयोग योग्य बनाने हेतु आवश्यक साज सज्जा करना।
(2) क्रीडा में छात्रों की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी सुनिश्चित करना।
(3) महाविद्यालय द्वारा नेशनल एजुकेशन फाउण्डेशन तथा स्टेट यूनीवर्सिटी ऑफ अमेरिका के सहयोग से छात्रों रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण तथा कैरियर डेवलपमेण्ट कार्यक्रम आयोजित कराना।
(4) न्यूज लेटर प्रकाशित कराना।
(5) कैरियर मार्गदर्शन योजना के अन्तर्गत छात्रों के प्लेसमेण्ट हेतु M.O.U. (Memorandum of Understanding) कराना।
(6) ISSN/ISBN मान्यता युक्त महाविद्यालय की शोध पत्रिका (Journal) का प्रकाशन करना।
(7) छात्रों की अकादमिक गुणवत्ता बढ़ाने हेतु C.C.E (सतत व्यापक मूल्यांकन) गैर परम्परागत/आधुनिक तकनीक से करवाना।
(8) राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से अन्तर्राज्यीय सौहार्द्रता बढ़ाने हेतु सांस्कृतिक वातावरण तैयार करना इस हेतु विभिन्न राज्यों में भ्रमण आयोजित करना।
(9) महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन।
(10) परिसर में A ब्लॉक तथा बहुउद्देशीय हॉल तथा अभिव्यक्ति ब्लॉक सामने पेवर ब्लॉक लगवाना।
(11) महाविद्यालय में तीन और कक्षों में स्मार्ट क्लास रूम का निर्माण किया जाना।

(12) छात्रों की सुविधा के लिए महाविद्यालय द्वारा मल्टीफंक्शन फोटो कॉपीयर मशीन क्रय करना।
(13) ऑनलाईन काउंसिलींग सेन्टर में प्रिन्टर की व्यवस्था करना।
(14) रुसा के सहयोग से भूगोल / मनोविज्ञान / स्पोर्ट्स विभाग हेतु आवश्यक उपकरण क्रय किया जाना।
(15) बहुउद्देशीय हॉल का अधिपत्य प्राप्त होने पर उसे आधुनिक साउण्ड सिस्टम एवं स्टेज फोकस लाईट युक्त व्यवस्था से सुसज्जित करना।
(16) ऑनलाईन काउंसलिंग सेन्टर के प्रथम तल पर निर्मित हॉल को सर्वसुविधायुक्त मिनी कॉन्फ्रेंस / सेमीनार हॉल के रूप में तैयार करना।
(17) महाविद्यालय की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए पोर्टेबल प्रोजेक्टर क्रय किया जाना।
(18) म०प्र० उर्जा विकास निगम के सहयोग से महाविद्यालय में सौर उर्जा प्लांट की स्थापना करवाना।
(19) महाविद्यालय के स्टॉफ के सहयोग से छात्र हित में निःशुल्क बुक बैंक की स्थापना करना।
(20) परिसर में वर्मी कम्पोस्ट खाद के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करना।

[signature] 6.7.18

# बैठक

आज दिनांक 11/12/18 को आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ में प्लानिंग बोर्ड की बैठक आयोजित की गई बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित थे :-

(1) डॉ. पी. के. जैन प्राचार्य
(2) डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा
(3) डॉ. सुधीर त्रिवेदी
(4) डॉ. पुष्पलता चौकसे
(5) डॉ. जे. एस. दुबे
(6) डॉ. शालीन गर्ग
(7) डॉ. शरद तिवारी प्रभारी ग्रंथालय

वर्ष 2018-19 हेतु महाविद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में विकास हेतु सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पास किये गए

(1) ऑडीटोरियम में हॉल का कार्य इस वर्ष पूर्ण करवाकर शीघ्र ही आधिपत्य लिया जाए। इस हेतु संबंधित विभागों से सतत संपर्क कर लिया जाय।

(2) कैरियर मार्गदर्शन योजना के अन्तर्गत प्लेसमेंट हेतु अधिक से अधिक छात्रों का M.O.U. करवाना।

(3) प्राध्यापकों / कर्मचारियों / छात्रों हेतु योग कक्षाओं का निरंतर संचालन करना।

(4) चित्रकला विभाग को एक्सीलेंस विभाग का दर्जा दिलवाने हेतु कार्ययोजना बनाना।

(5) छात्रों हेतु रोजगारोन्मुखी ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार करना।

(6) महाविद्यालय में सोलर एनर्जी सिस्टम की स्थापना हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करना।

(7) महाविद्यालयीन छात्रों के फीडबैक के आधार पर Action Taken Program तैयार किया गया जिसमें अध्ययन अध्यापन के साथ उनकी समस्याओं का निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ वरीयता साथ ही पर्यावरण लैंगिक समानता पर्यावरण जागरूकता पर्यावरण संरक्षण, छात्रों के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट, तथा R.O. युक्त वॉटर कूलर एवं पूर्व छात्र संगठन का रजिस्ट्रेशन शीघ्र कराने के फीडबैक छात्रों, पूर्व छात्र संगठन, एवं अभिभावकों से प्राप्त हुए। जिन्हें भावी कार्यक्रम हेतु सम्मिलित किया गया।

11.12.18

विभागाध्यक्षों की बैठक 24-01-2019

नैक के संबंध में विभागाध्यक्षों की एक बैठक दि. 24/01/2019 को दोपहर 2.00 बजे IQAC कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक का एजेण्डा पूर्व में ही विभागाध्यक्षों को उपलब्ध करा दिया गया था। बैठक की कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है —

एजेण्डा बिन्दु क्र. 01 - अध्ययन/अध्यापन हेतु बेस्ट प्रेक्टिस

विभागाध्यक्ष हिन्दी द्वारा सुझाव दिया गया कि महाविद्यालय की वेबसाईट पर छात्र हित में व्याख्यान अपलोड किए जाना चाहिए। कुछ विभागाध्यक्षों द्वारा स्मार्ट कक्षाओं की संख्या बढ़ाने तथा उनका नियमित उपयोग करने का सुझाव दिया। विभागाध्यक्ष वाणिज्य का मत था कि सप्ताह में एक दिन गैर परम्परागत शिक्षण कार्य हो। जिसमें ग्रुप डिस्कशन, पूर्व आवंटित विषय की ई-स्टडी व ई-लर्निंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाना चाहिए। कुछ विभागों द्वारा छात्रों से प्रश्न बैंक तथा विषय से संबंधित पीपीटी तैयार करवाने का सुझाव दिया। भूगोल विभाग ने व्यावहारिक विषय ज्ञान हेतु शैक्षणिक भ्रमण का सुझाव दिया। रेमेडियल कक्षा तथा छात्रों के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की व्यवस्था संबंधी सुझाव भी प्राप्त हुए। प्राचार्य द्वारा सभी सुझावों को यथासंभव शीघ्र लागू करने का आश्वासन दिया।

बिन्दु क्र. 2 - नियमित व्याख्यान के अतिरिक्त अन्य तकनीक का उपयोग

विचार विमर्श के पश्चात सभी विभागाध्यक्ष इस बात से सहमत थे कि नियमित व्याख्यान के अतिरिक्त, ई-स्टडी, ई-लर्निंग, विषय के व्यावहारिक पहलू से संबंधित प्रोजेक्ट छात्रों को आवंटित करना, शैक्षणिक टूर तथा छात्रों से विषय के पीपीटी व प्रश्न बैंक तैयार करवाये जाना चाहिए। इन विधियों को अधिक अपनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

बिन्दु क्र. 3 - प्रत्येक विभाग तथा प्रत्येक समिति का प्रतिवेदन

इस बिन्दु के तारतम्य में विभागाध्यक्षों ~~द्वारा~~ तथा समितियों द्वारा सम्पन्न की गतिविधियों तथा भावी योजनाओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

बिन्दु क्र. 4 ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट कार्यक्रम

वाणिज्य संकाय के 60 छात्रों को स्टेट यूनिवर्सिटी न्यूयार्क (अमेरिका) द्वारा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया गया तथा प्रशिक्षण उपरान्त 25 छात्रों को नियुक्ति पत्र दिया गया। प्लेसमेन्ट सेल द्वारा जानकारी दी गई कि 02 छात्रों का चयन L&T Construction बैंगलोर में हो गया है।

बिन्दु 5 पुस्तकालय में जर्नल/प्रतियोगी पुस्तकें

पुस्तकालय में प्रत्येक विषय/संकाय की दो जर्नल तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें छात्रों को उपलब्ध कराने की योजना है इस हेतु सभी विभागों से जर्नल की सूची बुलायी गयी।

57

बैठक 24-01-2019

6 एवं 7
बिन्दु क 6&7 प्रत्येक विभाग की प्रोफाल तथा फीडबैक फार्म

यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विभाग तथा प्रत्येक शिक्षक को प्रोफाइल तैयार की जाये वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक की अवधि की प्रोफाईल यथाशीघ्र IQAC में जमा करवाना है। छात्रों, पूर्व छात्रों तथा अभिभावकों से फीडबैक फार्म भरवाने की योजना निर्धारित की गयी। मैक रिपोर्ट से पूर्व इनकी आवश्यकता है।

बिन्दु 8- अन्तर महाविद्यालयीन व्याख्यान स्नातकोत्तर स्तर पर

इस संबंध में बैठक में सभी विभागाध्यक्षों ने एक सप्ताह में इस संबंध में कार्ययोजना बनाकर IQAC में देने की सहमति व्यक्त की।

बिन्दु 9- उद्योगों के साथ रोजगार मे साझेदारी

ट्रेनिंग तथा प्लेसमेन्ट सेल इस दिशा में प्रयासरत है। कई उद्योगों / कम्पनियों से MOU करने का प्रयास किया जा रहा है।

बिन्दु 10 कम्प्यूटर ट्रेनिंग / योगा / हेल्थ चेकअप / मेडिटेशन कैम्प / अशैक्षणिक स्टॉफ कल्याण योजना।

उपर्युक्त बिन्दु पर विचारविमर्श के दौरान कई सुझाव प्राप्त हुए। कई विभागों ने एक सप्ताह का योग तथा मेडिटेशन कैम्प आयोजन का सुझाव दिया जिसमें छात्र, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी भाग ले सकते हैं। रेडक्रास के माध्यम से हेल्थ चेकअप तथा अवेयरनेस एक दिवसीय आयोजन करने की सलाह प्राप्त हुई। गैरशैक्षणिक स्टाफ हेतु कम्प्यूटर अवेयरनेस कार्यक्रम की आवश्यकता पर कुछ विभागों ने जोर दिया। प्राचार्य द्वारा सुझाव देने वाले विभागों से यथाशीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया।

बैठक में निम्न सदस्यगण उपस्थित थे

1 प्राचार्य डॉ. पी.के जैन [signature]
2 विभागाध्यक्ष - हिन्दी
3 " अंग्रेजी [signature]
4 " संस्कृत [signature]
5 " उर्दू
6 " वाणिज्य [signature]
7 " इतिहास [signature]
8 " समाजशास्त्र [signature]
9 " अपराध मनोविज्ञान
10 " समाजशास्त्र भूगोल [signature]
11 " अर्थशास्त्र
12 " राजनीतिशास्त्र [signature]
13 " दर्शनशास्त्र [signature]
14 " अरबी [signature]
15 " चित्रकला [signature]
16 क्रीडा विभाग [signature]

[signature] 24.1.19

आज दि. 14/3/19 को महाविद्यालय की विभिन्न समितियों के संयोजको की बैठक IQAC कक्ष में दोपहर 2.30 बजे आयोजित की गयी। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे -

(1) डॉ. पी. के. जैन प्राचार्य
(2) डॉ. प्रदीप शर्मा संयोजक IQAC
(3) डॉ विनीता सिंह चौधरी सदस्य
(4) डॉ मृदुला निगम सदस्य
(5) डा फरजाना शजाल "
(6) डा वन्दना पांडे "
(7) डा जे के परमार "
(8) डा. विकास जाउलकर
(9) डा प्रभा भट्ट
(10) डॉ आलोक भावसार
(11) डॉ एम आई मसूद
(12) डॉ शरद तिवारी
(13) डॉ शांति श्रीवास्तव
(14) डा शारदा गर्ग
(15) डॉ. अजय कुमार घोष
16. डा. अल्पना त्रिवेदी

निर्धारित एजेण्डा के अनुसार बैठक में विचार विमर्श किया गया। एजेण्डा के विभिन्न बिन्दुओं पर निम्नानुसार सहमति तय की गयी —

बिन्दु क्र. 1 महिला उत्पीड़न निरोधक प्रकोष्ठ एवं शिक्षक अभिभावक समिति

समिति संयोजक डॉ सोना शुक्ला एवं डॉ वर्षा सारोलकर ने जानकारी दी कि शिक्षण सत्र में अभी तक महिला उत्पीड़न की एक भी शिकायत नही मिली है। महाविद्यालय में महिला उत्पीड़न के सम्बंध में जीरो टालरेन्स की नीति है। इस संबंध में काउंसलिंग तथा अन्य जो गतिविधियां सम्पन्न की गयी हैं उनके साक्ष्य प्रपत्र (डाक्यूमेण्टस) को संधारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। महिला उत्पीड़न संबंधी जागरूकता हेतु शीघ्र ही उत्प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया जायेगा। शिक्षक अभिभावक बैठक का समय-समय पर आयोजन किया जाता है जिसके दस्तावेज प्रपत्र सुरक्षित रूप से रखे जाने चाहिए।

बिन्दु क्र. 2 - ग्रंथालय एवं शोध पंजीयन समिति / एवं छात्र संगठन समिति एवं नैतिक प्रकोष्ठ / योग / व्यक्तित्व विकास —

संयोजक डॉ शरद तिवारी एवं डॉ एम. आई मसूद

इस बिन्दु के प्रस्तावित एजेण्डा के सम्बंध में संयोजकों ने जानकारी दी कि शोध कार्य की चोरी रोकने हेतु वि. वि. स्तर पर साफ्टवेयर है जिसके प्रमाण-पत्र प्रत्येक शोध कार्य हेतु आवश्यक है। चूंकि वि. वि. में शोध चोरी की जांच हेतु साफ्टवेयर है अतः महाविद्यालय स्तर पर इसकी कोई आवश्यकता नहीं परंतु इस सम्बंध में जागरूकता लाने हेतु जानकारी शोधार्थियों को दी जा सकती है। साहित्य चोरी रोकने हेतु महा. की वेबसाईट पर शोध आचार संहिता अपलोड की जायेगी। यह भी तय किया गया कि महाविद्यालय की शोध पत्रिका की साहित्य चोरी सम्बंधी जांच की जाना चाहिए।

डॉ. शरद तिवारी ने ई-जर्नल्स की सदस्यता लेना एवं पुस्तकालय संबंधी गतिविधियों का डाक्यूमेंटेशन करने की पर सहमति व्यक्त की। महाविद्यालयीन स्टाफ तथा छात्रों के लिए दि ... से दि ... तक महाविद्यालय में योग कक्षाओं का आयोजन किया गया है।

पूर्व छात्र संगठन में सदस्यता हेतु महाविद्यालय की वेबसाईट पर पंजीयन फार्म अपलोड करने की आवश्यता सभी सदस्यों ने जताई। यह भी निर्णय लिया गया कि यथाशीघ्र पूर्व-छात्र संगठन का रजिस्ट्रेशन करवाया जाए।

बिन्दु क्र. 3 - विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन - डॉ शारदा गर्ग तथा डॉ. शांति श्रीवास्तव

समिति द्वारा गत वर्षों में छात्रों को फील्ड विजिट, औद्योगिक भ्रमण कराया गया। प्लेसमेण्ट एवं ट्रेनिंग के सम्बंध में कुछ संस्थाओं से MOU के सम्बंध में सहमति प्राप्त हुई है जिसके लिखित दस्तावेज शीघ्र प्राप्त हो जायेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की हेतु महाविद्यालय की समय-सारणी में नियमित कक्षाएँ आवंटित करने की आवश्यता पर जोर दिया गया। कैरियर मार्गदर्शन संबंधी सभी गतिविधियों के दस्तावेज संधारित है।

बिन्दु क्र 4 - पत्रिका सम्पादन / सेमेस्टर प्रकोष्ठ डॉ. धर्मेन्द्र पारे

महाविद्यालय में छात्रों के CCE हेतु गैर-परम्परागत विधियों का उपयोग किया जा रहा है। आनलाइन सीसीई आकस्मिक चेक, प्रश्नोत्तर व छात्रों द्वारा तात्कालिक विषय पर व्याख्यान जैसी विधाऐं सीसीई हेतु उपयोग में लायी गयी।

महाविद्यालय के न्यूजलेटर का प्रकाशन किया गया।

बिन्दु क्र 5 वेबसाईट अपडेशन - डॉ. अजय घोष

महाविद्यालय की वेबसाईट पर महाविद्यालय का vision, आधारभूत मूल्य तथा उद्देश्य अपलोड किये गये हैं। चूंकि शासकीय महाविद्यालयों की वेबसाईट उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के निर्देशन एवं नियंत्रणाधीन होती है अतः उसमें अपडेशन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ही हो सकता है।

**बिन्दु क्र.6 सूचना प्रोद्योगिकी एवं साहित्यिक सांस्कृति समिति** -डॉ आलोक भावसार

संयोजक द्वारा महाविद्यालय के छात्रों की साहित्यिक तथा सांस्कृतिक उपलब्धियों की जानकारी दी गयी। प्राप्त सम्मान, अवार्ड मेडल इत्यादि के दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध है।

**बिन्दु क्र.7 कैंपस रखरखाव** - डॉ. प्रभा भट्ट

महाविद्यालय में सफाईकर्मियों द्वारा नियमित सफाई के अतिरिक्त एन.एस.एस. छात्रों द्वारा गहन सफाई अभियान समय समय पर चलाया जाता है। कैंपस में पेड़ों के पत्तों से कंम्पोस्ट खाद तैयार करने हेतु जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही है। ग्रीन आडिट करवाने का प्रयास भी प्रगति पर है।

**बिन्दु क्र.8 महाविद्यालय विकास एवं भौतिक संरचना समिति** -डॉ विकास जाउलकर

महाविद्यालय में Language Lab का प्रस्ताव भेजा गया है जिसे विश्वबैंक द्वारा स्वीकृत कर दिया है। महाविद्यालय में 12 स्मार्ट क्लास रूम बनाने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके नये ग्रंथालय का निर्माण, योगकेन्द्र का निर्माण तथा NCC कक्षों का नवीनीकरण प्रस्तावित है। महाविद्यालय में सोलर पेनल लगवाने हेतु MOU हो गया है। शीघ्र ही कार्य आरंभ होगा। बिजली सम्बंधी मरम्मत, पूरे परिसर में सिंगल इले. मीटर लगवाने तथा प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग भारत सरकार द्वारा स्वच्छता हेतु महाविद्यालय चयनित किया चुका है।

14.3.19

आज दि. 30/05/2019 को IQAC के बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे –

1 डॉ. पी. के. जैन प्राचार्य
2 डॉ. प्रदीपशर्मा संयोजक IQAC
3 डॉ. विनीता सिंह चौधरी सदस्य
4 डॉ. मृदुला निगम "
5 डॉ. प्रमोद वर्मा "
6 डॉ वन्दना पाण्डे "
7 डॉ. जे. के परमार "
8 डॉ. अल्पना त्रिवेदी "
9 डॉ. हरभजन कौर "
10 डॉ. निवेदिता मुकर्जी "

मृदुला निगम 30.5.19
30.5.19
30/5/19
30/5/19

बैठक का आयोजन सत्र 2019-20 के लक्ष्यों के निर्धारण हेतु किया गया। विचार विमर्श निम्नानुसार लक्ष्य तय किये गये :-

(1) बोर्ड ऑफ स्टडीज के सदस्यों की अनुशंसा तथा छात्रों से लिये गये फीडबैक के आधार पर पाठ्यक्रम में आधुनिक परिदृश्य के अनुसार एवं ग्लोबल Changes के अनुसार नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण के सुझाव प्रस्तुत कर पाठ्यक्रम में परिवर्तन के प्रयास करना।

(2) छात्रों से लिये गये फीडबैक / ALUMNI के सुझावों के अनुरूप नवीन डिप्लोमा कोर्सेस प्रारंभ किये जावे।

(3) पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विशेषज्ञ प्राध्यापकों के व्याख्यान को महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना।

(4) महाविद्यालय का चित्रकला विभाग राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार विजेता रहा है इसे एक्सीलेंस विभाग का दर्जा प्राप्त करने के प्रयास कराना।

(5) महाविद्यालय के बहुउद्देशीय हाल को अत्याधुनिक सुसज्जित करने के लिये उन्नत श्रेणी के साउंड सिस्टम एवं विद्युत व्यवस्था की ~~[illegible]~~ जावे ताकि हाल एक उन्नत श्रेणी के सेमीनार हाल के रूप में उपयोग किया जा सके।

(6) रूसा के सहयोग से तीन स्मार्ट क्लास रूम का निर्माण कराना।

(7) 'सी' ब्लाक की जमीन पर आधुनिक पुस्तकालय एवं क्लास रूम का निर्माण कराना।

(8) विश्व बैंक के सहयोग से 15 अतिरिक्त कक्षों को स्मार्ट क्लास रूम में निर्मित (रूपान्तरित) किये जाने हेतु प्रयास करना।

(9) शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक कर्मचारियों हेतु कम्प्यूटर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित करना।

(10) महाविद्यालय में हेल्थ चेक अप व रक्तदान शिविरों का आयोजन करना।

(11) विभिन्न विषयों में राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ / सेमीनार / कार्यशाला आयोजित कराना।

(12) योगा एवम् मेडिटेशन कार्यक्रमों का आयोजन कराना।

(13) महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त परिसर करना।

(14) नशेमुक्ति अभियान के अन्तर्गत यूथ क्लब का गठन करना।

(15) सामुदायिक विकास योजना के अन्तर्गत मलिन बस्ती हिनौती सड़क को गोद लेकर महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, नशामुक्ति, डिजिटल लिटरेसी तथा स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य महाविद्यालय द्वारा कराया जाये।

(16) Capicity Building Programme के अन्तर्गत महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टॉफ को शोध / अनुसंधान एवं नवाचार से युक्त करना।

(17) महाविद्यालय का सोशल ऑडिट एवम् एकेडेमिक आडिट कराना। ग्रीन आडिट करवाना।

(18) ट्रेनिंग तथा प्लेसमेन्ट कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न उद्योगों व कम्पनीयों के साथ M.O.U. अनुबंधित कराना।

(19) शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिये महाविद्यालय में रिसर्च क्लब का गठन करना।

(20) महाविद्यालय में डिस्पेंसरी छात्रों के डिस्पेंसरी कक्ष का निर्माण करना। एवम महाविद्यालय के छात्रों तथा कर्मचारियों के लिये मनोरंजन कक्ष का निर्माण करना।

(signature) 30.5.19